भजन

यहाँ आना सब आना,साथ मिलकर आना
जो समझाया हादीय हमको,दुनियां को समझाना

1- हुकम धनी का लेके चलो तो,टल जायेगी बाधा
साहेबी उनकी उन पर डालो,वोहि देंगे कांधा
उनकी मेहर काम करेगी,ऐसा रखो ईरादा
ना जाना ना जाना ना जाना
ना जाना ना जाना और कहीं न जाना
अपने सतगुरू के चरणों को छोड़ कहीं न जाना
2- अपने हादी ने जीवन भर,कब आराम किया है
जागनी अभियान चला कर,ये पैगाम दिया है
आप जागो और जगाओ,ये फुरमान दिया है
कहलाना कहलाना कहलाना
कहलाना आशिक फिर कहलाना
3- हादी सतगुरू की यादों को,सदा संजोये रखना
उनके प्यार की माला को तुम,सदा पिरोये रखना
अपने दिल के हर कोने में,उनकी बैठक रखना
मिट जाना मिट जाना मिट जाना
मिट जाना मिट जाना,राहों पे मिट जाना
कदम रखे हादी जिन पर,उन राहों पे मिट जाना